मुफ्त अथवा रियायती लागत पर उपचार प्रदान किया जाता है जो रोगियों की वित्तीय स्थिति पर निर्भर करता है ।

करनाल, हरियाणा में तेलशोधक कारखाने की स्थापना

*13. **डा. जितेन्द्र कुमार जैन :**
श्री रणजीत सिंह :

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि करनाल हरियाणा में एक तेलशोधक कारखाने की स्थापना के बारे में अंतिम निर्णय ले लिया गया है ;

(ख) क्या यह सच है कि परियोजना को अंतिम रूप देने में असाधारण विलम्ब हुआ है ; यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ; और

(ग) इस तेलशोधक कारखाने का निर्माण कार्य कब तक पूरा हो जाने की संभावना है, परियोजना की अनुमानित लागत क्या है और इसके निर्माण की जिम्मेदारी किस संस्था को सौंपी गई है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री बी. शंकरानन्द) (क) से (ग) यह निर्णय लिया गया है कि करनाल रिफाइनरी की स्थापना इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन द्वारा की जाएगी और इसके क्रियान्वयन की कियाविधि तैयार की जा रही है ।

कश्मीरी आतंकवादियों के साथ बातचीत

*14. **श्री बेकल उत्साही :**
श्री मुरलीधर चन्द्रकांत भंडारे :

क्या **गृह** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इस वर्ष सितम्बर में घाटी की उनकी यात्रा के बाद उनके द्वारा की गयी बातचीत की पेशकश के उत्तर में जम्मू और कश्मीर के किसी आतंकवादी संगठन ने बातचीत करने की इच्छा का संकेत दिया है ; और

(ख) इस दिशा में और क्या कदम उठाये गये हैं ?

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम. एम. जैकब) : (क) और (ख) प्रमुख आतंकवादी गिरोहों ने राज्य में वर्तमान अशांत स्थिति के हल के लिए बातचीत के प्रस्ताव पर सार्थक प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की है ।

जम्मू और कश्मीर राज्य के राजनैतिक दलों के नेताओं और राजनीतिज्ञों की 13-11-91 को एक बैठक हुई, जिसमें राज्य के सभी गुमराह युवकों से हिंसा के स्व-पराजयता के रास्ते को छोड़ने और राष्ट्र निर्माण की गतिविधियों में राजनैतिक मुख्य धारा में फिर से शामिल होने की अपील की गई ।

LTTE Menace to Tamil Nadu

*15. SHRI S. K. T. RAMACHANDRAN: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) what steps are being taken by Government to check the increasing menace of LTTE in Tamil Nadu;

(b) what measures are being taken by Government to tighten the Coastal Security and check the infiltration of LTTE into the country; and

(c) whether Government propose to support the Sri Lankan Govern. ment in eliminating the LTTE's activities of smuggling and drug trafficking?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI M M JACOB): (a) and (c) A Statement is laid on the Table of the House. *(Set* below)